Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding improvement of healthcare facilities in Guna Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh -laid.

श्री कृष्णपालसिंह यादव (गुना): मेरे संसदीय क्षेत्र गुना (मध्य प्रदेश) के अंतर्गत आने वाले दो जिले गुना और अशोकनगर में व्यापक स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है।गुना को भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जिलों की सूची में भी शामिल किया गया है और अशोकनगर में वर्तमान में सिर्फ एक ही जिला अस्पताल है जहाँ प्रतिदिन मरीजों की संख्या बहुत अधिक रहती है जिसके कारण समय पर उनका उपचार नहीं हो पाता है।कोरोना महामारी के समय भी स्वास्थ्य सुविधाएं ना होने के कारण कई मरीज़ों की मृत्यु हो गई और गुना लोक सभा के लोगों को गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए दूसरे शहरों में जाना पड़ता है जिससे उन्हें असुविधा होती है।भविष्य में इस प्रकार की स्थिति का निवारण करने हेतु मेरा सरकार से निवेदन है कि अशोकनगर जिला मुख्यालय में जिला अस्पताल को upgrade करके मेडिकल कॉलेज का दर्जा दिया जाए और प्रधान मंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के माध्यम से गुना जिला मुख्यालय में AIIMS की स्थापना हेतु तत्काल स्वीकृति प्रदान की जाए जिससे मेरे लोक सभा क्षेत्र के निवासियों को मूलभूत स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहना पड़े और सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाएं जैसे आयुष्मान भारत योजना का लाभ भी हर व्यक्ति तक पहुँच सके और गुना के समग्र विकास को गति मिले ।